# सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र
# गांधीनगर - ३८२००७

## हिन्दी समिति एवं उपसमिति की संयुक्त बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक २४ अगस्त २०२१

सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र की हिन्दी समिति एवं उपसमिति की संयुक्त बैठक दिनांक २३ अगस्त २०२१ को अपराह्न ४:०० बजे निदेशक प्रा जे पी सिंह जूरैल की अध्यक्षता में समिति कक्ष में संपन्न हुई। प्रा जे पी सिंह जूरैल ने बेठक मे उपस्थित समिति सदस्यगण का स्वागत किया। समिति की बेठक मे १४ सितंबर २०२१ में हिंदी दिवस तथा १४ सितंबर २०२१ के पश्चात् हिंदी पखवाड़ा मनाने के संदर्भ मे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। १४ सितंबर २०२१ को हिंदी दिवस मनाने तथा १४ सितंबर २०२१ से २८ सितंबर २०२१ की अवधि मे हिंदी पखवाड़ा मनाने के बारे में चर्चा हुई तथा अन्य सभी कार्यक्रम केंद्र के अन्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रमो को ध्यान मे रखते हुए आयोजित करने का निर्णय लिया गया। हिन्दी समिति की बैठक मे निम्नलिखित कार्यक्रमों के आयोजन करने की सहमति बनी।

- हिंदी पखवाडा तथा हिंदी दिवस के लिए बैनर तैयार कराया जाए।
- हिंदी साहित्य गोष्ठी का आयोजन किया जाए |
- हिन्दी के विशेषज्ञो को साहित्य गोष्ठी के लिए आमंत्रित किया जाए|
- हिंदी में पत्राचार के प्रसार में अधिक योगदान देने वाले/कर्मचारी को प्रशस्तिपत्र तथा पारितोषिक प्रदान किया जाए।
- लिखित सम्प्रेषण में हिंदी भाषा के यथासंभव प्रयोग के लिए कर्मचारीगण को प्रेरित किया जाए।
- केंद्र के कर्मचारीगण द्वारा राजभाषा की प्रतिज्ञा ली जाए।
- हिंदी पखवाडा तथा हिंदी दिवस के आयोजन मे होने वाले व्यय को केंद्र के उपयुक्त बजट से भुगतान किया जाए।
- २०२१ - २०२२ की वार्षिक रिपोर्ट हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में बनाई जाए।

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| [ संजय ] | [ संजय शाह ] | [ आरती सावले ] | [ रोमा असनानी ] |
| [ सुबूही सिद्दिकी ] | [ हरिश चंद्र ] | [ मितेषकुमार पंड्या ] | [ गौरव प्रकाश ] |
| [ कृति त्रिवेदी ] | [ एच. जी. होसामनी ] | [ अभिषेक कुमार ] | [ कन्नन पी ] |
| [ याज्ञिक पटेल ] | [ अशोक कुमार राय ] | [ मनोज कुमार के ] | |

निदेशक